www.timesofdesert.com

डिजिटल एडिशन

# टाइम्स ऑफ डेजर्ट

/ TimesOfDesert

RNI T.C.- RAJHIN27868

बाड़मेर, मंगलवार, 11 नवम्बर, 2025

E-mail- timesofdesert@gmail.com

# दिल्ली में कार ब्लास्ट 8 की मौत, 24 घायल

## लाल किले के पास धमाका



## 8 गाड़ियों में लगी आग कई की हालत गंभीर

**नई दिल्ली/ एजेंसी।**

दिल्ली में लाल किले के पास इको वैन में जोरदार धमाका हुआ है, जिसके बाद यहां अफरातफरी मच गई है। धमाके में आठ लोगों की मौत हो गई है जबकि 24 लोगों के घायल होने की खबर है जिनमें से कुछ की हालत गंभीर है. मृतकों के शव लोक नारायण जयप्रकाश अस्पातल (एलएनजेपी) में ले जाए गए हैं। मौत का आंकड़ा बढ़ भी सकता है। यह धमाका हाई इंटेंसिटी का था। एनआईए की टीम मौके पर भेजी जा रही हैं। धमाका इतना तेज था कि 5-6 गाड़ियों के परखच्चे उड़ गए।

फायर ब्रिगेड के पास धमाके की सूचना 6 बजकर 55 मिनट पर आई थी। दिल्ली पुलिस की टीम जांच में जुट गई है। फोरेंसिक और टेक्निकल एक्सपर्ट मौके पर पहुंच गए हैं जो यह पता लगाएंगे की आखिर यह ब्लास्ट किस तरह का है। ब्लास्ट की वजह से आस पास की स्ट्रीट लाइट भी टूट गई। सूत्रों के मुताबिक लाल किला मेट्रो स्टेशन के गेट नंबर 1 के पास हुए विस्फोट के कारण कई घायलों को एलएनजेपी अस्पताल लाया गया है। धमाके के बाद पूरी दिल्ली में हाई अलर्ट घोषित कर दिया गया है। जिस तरह के हालात अभी हो गए हैं, उससे यह भी प्रतीत होता है कि यह बड़ी साजिश भी हो सकती हैं। इस बीच नजदीक की चांदनी चौक मार्केट को बंद कर दिया गया है।






### जहां धमाका हुआ वहां काफी भीड़ थी

धमाके के बाद आसपास खड़ी गाड़ियों के भी शीशे टूट गए। जिस समय यह धमाका हुआ उस समय वहां पर काफी भीड़ थी। 2-3 घायलों को नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। धमाका कार में लगी सीएनजी से हुआ या फिर किन्हीं अन्य वजहों से, इसका अभी तक पता नहीं चल सका है। फायर ब्रिगेड की गाड़ियां भी मौके पर हैं और आग पर काबू पाने के प्रयास किए जा रहे हैं। लाल किले के पास हुए धमाके ने सुरक्षा एजेंसियों की नींद उड़ा दी है। शुरुआती जांच में यह मामला सिर्फ एक लोकल धमाका नहीं लग रहा। यह धमाका ऐसे समय में हुआ है जब आज ही दिल्ली से सटे फरीदाबाद में 2900 किलो अमोनियम नाइट्रेट मिला है। हालांकि दोनों घटनाओं को अभी आपस में जोड़ना जल्दबाजी होगी। अमोनियम नाइट्रेट वही केमिकल है जो आमतौर पर विस्फोटक बनाने में इस्तेमाल होता है। जांच के दौरान सामने आया कि यह अमोनियम नाइट्रेट अलग-अलग सूटकेसों और प्लास्टिक कंटेनरों में भरा हुआ था।

## अमित शाह ने कहा- धमाके में 8 लोगों की मौत, वजह का जल्द पता करेंगे





### जिस कार में धमाका हुआ, वह हरियाणा की

दिल्ली में i-20 कार में ब्लास्ट हुआ है, वह हरियाणा नंबर (HR 26-CE 7674) की है। यह कार गुरुग्राम आरटीओ में मोहम्मद सलमान के नाम पर रजिस्टर्ड है। कार के रजिस्ट्रेशन सर्टिफिकेट से मिले एड्रेस के बाद गुरुग्राम पुलिस उसे ढूंढते हुए शांति नगर पहुंची। यहां मकान मालिक ने बताया कि सलमान 5 साल पहले जा चुका है। अब वह सोहना की एक सोसाइटी में रहता था। पुलिस उस सोसाइटी पहुंची तो सलमान सोता मिला। पूछताछ में उसने बताया कि डेढ़ साल पहले उसने यह कार दिल्ली में ओखला के रहने वाले देवेंद्र को बेच दी थी।

गृह मंत्री अमित शाह ने सोमवार शाम को कहा था- आज शाम करीब 7 बजे दिल्ली में लाल किले के पास सुभाष मार्ग ट्रैफिक सिग्नल पर एक हुंडई i20 कार में विस्फोट हुआ। इस विस्फोट में कुछ पैदल यात्री घायल हुए और कुछ वाहन क्षतिग्रस्त हुए। प्रारंभिक रिपोर्टों से संकेत मिलता है कि कुछ लोगों की जान चली गई है। विस्फोट की सूचना मिलने के 10 मिनट के भीतर ही दिल्ली क्राइम ब्रांच और दिल्ली स्पेशल ब्रांच की टीमें मौके पर पहुंच गई।

## एक्टर प्रेम चोपड़ा की बिगड़ी तबीयत, अस्पताल में भर्ती

**नई दिल्ली/ एजेंसी।** हिंदी सिनेमा के दिग्गज एक्टर प्रेम चोपड़ा को मुंबई के लीलावती अस्पताल में भर्ती कराया गया है। बताया जा रहा है कि 90 साल के एक्टर को हार्ट से जुड़ी समस्या के कारण एडमिट किया गया है। हालांकि इस समय वो खतरे से बाहर हैं। उन्हें 2 -3 दिन में छुट्टी दे दी जाएगी। जानकारी के मुताबिक प्रेम चोपड़ा की सोमवार को अचानक तबीयत बिगड़ गई। इसके बाद



उन्हें मुंबई के बांद्रा स्थित लीलावती अस्पताल में भर्ती कराया गया है। वहीं प्रेम चोपड़ा की सेहत को लेकर उनके दामाद और एक्टर विकास भल्ला ने बताया कि एहतियात के तौर पर उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है। और उनकी हालत ठीक है तथा कुछ दिनों में उन्हें छुट्टी दे दी जाएगी। यह सब उम्र से जुड़ा है और एक नियमित प्रक्रिया है। चिंता की कोई बात नहीं है।

## थाईलैंड-कंबोडिया शांति समझौते को थाईलैंड ने निलंबित किया

**बेंकॉक/ एजेंसी।** थाईलैंड की रॉयल थाई वायु सेना (आरटीएएफ) ने सोमवार को कहा कि जब तक कंबोडिया की ओर से सभी शत्रुतापूर्ण कार्रवाइयां समाप्त नहीं हो जातीं, तब तक थाईलैंड और कंबोडिया के बीच सभी द्विपक्षीय समझौतों को निलंबित कर दिया है। आरटीएएफ के आधिकारिक फेसबुक पेज पर कहा गया कि रॉयल थाई वायु सेना इस बात की पुष्टि करती है कि वह सम्मान, गरिमा और राष्ट्र के सर्वोत्तम हितों को ध्यान में रखते हुए अपने कर्तव्यों का पालन करेगी। यह बयान सुबह हुई एक घटना के बाद आया है जिसमें सी सा केत प्रांत के बान ता मारिया में एक बारूदी सुरंग पर पैर रखने से एक थाई सैनिक गंभीर रूप से घायल हो गया था। इस घटना के बाद, सरकार और रक्षा मंत्रालय ने आगे स्पष्टीकरण मिलने तक थाईलैंड-कंबोडिया शांति घोषणा के कार्यान्वयन पर अस्थायी रोक लगा दी है।

## कॉर्निया दान और प्रत्यारोपण बढ़ावा देने नियमों को किया गया सरल

**नई दिल्ली/ एजेंसी।** केंद्र सरकार ने कार्निया दान और प्रत्यारोपण बढ़ावा देने के लिये इस संबंध में नियमों को और सरल कर दिया है। गौरतलब है कि स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय ने केंद्र के विजन के अनुरूप, मानव अंग और ऊतक प्रत्यारोपण (संशोधन) नियमावली, 2025 को अधिसूचित किया है। यह संशोधन राष्ट्रीय अंग प्रत्यारोपण कार्यक्रम (एनओटीपी) को और सुदृढ़ बनाएगा, जिसका उद्देश्य कॉर्निया प्रत्यारोपण केंद्रों की कार्यप्रणाली को सुव्यवस्थित करना और देश भर में नेत्रदान और प्रत्यारोपण सेवाओं तक व्यापक पहुंच को सुविधाजनक बनाना है।

## चीन के लिए कोलकाता के बाद दिल्ली से डायरेक्ट फ्लाइट

**नई दिल्ली/ एजेंसी।** दिल्ली-शंघाई के बीच 5 साल बाद सीधी हवाई सेवाएं फिर शुरू हो गई हैं। रविवार को चीन ईस्टर्न एयरलाइंस की फ्लाइट एमयू 564 ने दिल्ली के इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाईअड्डे से शाम 7.55 बजे उड़ान भरी और शनिवार सुबह 4.10 बजे शंघाई पहुंची। इस उड़ान की वापसी के साथ दोनों देशों के बीच लोगों की आवाजाही और व्यावसायिक गतिविधियों में नए अध्याय की शुरुआत मानी जा रही है। दिल्ली-शंघाई मार्ग की यह उड़ान चीन ईस्टर्न एयरलाइंस द्वारा सप्ताह में तीन दिन बुधवार, शनिवार और रविवार को - एयरबस ए-330 विमान से संचालित की जाएगी। भारत में चीनी दूतावास और भारत के वाणिज्य दूतावास ने इसे दोनों देशों के बीच नई कनेक्टिविटी का प्रतीक बताया है।

हमारी सरकार ने अमेरिका को सबसे अमीर देश बनाया

# ट्रम्प हर अमेरिकी नागरिक को देंगे 1.7 लाख रुपए



### कहा- टैरिफ से बहुत पैसे आए हैं, इसका विरोध करने वाले मूर्ख

**वॉशिंगटन/ एजेंसी।**

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने रविवार को ट्रूथ सोशल पर पोस्ट कर दावा किया कि टैरिफ से अरबों डॉलर की कमाई हो रही है। उन्होंने कहा कि इस कमाई से अमीरों को छोड़कर हर अमेरिकी नागरिक को 2,000 डॉलर (करीब 1.7 लाख रुपए) का डिविडेंड मिलेगा। ट्रम्प ने पोस्ट में टैरिफ के आलोचकों को मूर्ख करार दिया। उन्होंने कहा कि टैरिफ के खिलाफ बोलने वाले लोग मूर्ख हैं। हमारी सरकार ने अमेरिका को दुनिया का सबसे अमीर और सम्मानित देश बना दिया है, जहां महंगाई न के बराबर है और शेयर बाजार रिकॉर्ड स्तर पर है।

हालांकि, ट्रम्प ने यह नहीं बताया कि ये प्रॉफिट किसे मिलेगा, इसकी पात्रता मानदंड (जैसे आय सीमा क्या होगी?) या समयसीमा पर कोई साफ जानकारी नहीं दी। यह पहली बार नहीं है जब उन्होंने ऐसा वादा किया। अक्टूबर में उन्होंने 1,000 से 2,000 डॉलर के छूट का संकेत दिया था।

### ट्रम्प बोले- टैरिफ के कारण व्यवसाय अमेरिका में आ रहा

टैरिफ से हो रहे प्रॉफिट के अलावा ट्रम्प ने व्यापार मामलों में राष्ट्रपति के पावर की सीमाओं पर सवाल उठाते हुए गुस्सा जताया। उन्होंने कहा अमेरिका के राष्ट्रपति के पास किसी विदेशी देश के साथ सभी व्यापार को रोकने की अनुमति है, दूसरे देश को लाइसेंस देने की अनुमति है, लेकिन राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए टैरिफ लगाने की अनुमति नहीं है। ट्रम्प ने कहा- दूसरे देश हम पर टैरिफ लगा सकते हैं, लेकिन हम उनपर नहीं। सिर्फ टैरिफ की वजह से ही व्यवसाय अमेरिका में आ रहे हैं। टैरिफ के बिना हमारे पास कुछ भी नहीं है। क्या सुप्रीम कोर्ट यह नहीं समझता। ट्रम्प का कहना था कि अप्रैल 2025 में घोषित टैरिफ (10 फीसदी से 50 फीयदी) अमेरिकी अर्थव्यवस्था को मजबूत कर रहा है।

### कोर्ट बोला- टैरिफ लगाने की शक्ति संसद के पास

अमेरिका की सुप्रीम कोर्ट ने ट्रम्प के ज्यादातर टैरिफ को गैरकानूनी बताया है। 5 नवंबर 2025 को सुप्रीम कोर्ट की लिबरल जस्टिस सोनिया सोतोमेयर ने संविधान का हवाला देकर कहा था कि टैक्स लगाने की शक्ति संसद की है, न कि राष्ट्रपति की। ट्रम्प ने चीन, कनाडा, मेक्सिको जैसे देशों पर व्यापार घाटे और अन्य कारणों से टैरिफ लगाए थे। ट्रम्प ने इन कानूनों को अंतर्राष्ट्रीय आपातकालीन आर्थिक शक्ति अधिनियम के तहत सही ठहराया था। उनका कहना था कि व्यापार असंतुलन अमेरिका की राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए खतरा है और इसलिए उन्होंने व्यापार पर 'नेशनल इमरजेंसी' घोषित कर टैरिफ लगाए। ट्रम्प के दावों पर अमेरिकी ट्रेजरी सेक्रेटरी स्कॉट बेसेन्ट ने एबीसी न्यूज को दिए इंटरव्यू में सफाई दी। उन्होंने कहा कि उनकी ट्रम्प से इस डिविडेंड पर चर्चा नहीं हुई है। लेकिन शायद यह राशि टैक्स में कटौती के रूप में आ सकती है।

### ट्रम्प भारत में यूएस मनोनीत राजदूत सर्जियो गोर के शपथ ग्रहण समारोह की अध्यक्षता करेंगे

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प भारत के लिए मनोनीत राजदूत सर्जियो गोर के वास्ते ओवल कार्यालय में आयोजित शपथ ग्रहण समारोह की अध्यक्षता करेंगे। 'व्हाइट हाउस' (अमेरिका के राष्ट्रपति का आधिकारिक आवास एवं कार्यालय) द्वारा जारी राष्ट्रपति के कार्यक्रम के अनुसार, राष्ट्रपति 'ओवल ऑफिस' में भारत गणराज्य के राजदूत के शपथ ग्रहण समारोह में भाग लेंगे। अमेरिकी सीनेट ने अक्टूबर में भारत में अगले अमेरिकी राजदूत के रूप में गोर के नाम की पुष्टि की थी। अगस्त में ट्रम्प ने राष्ट्रपति कार्मिक निदेशक गोर को भारत में अगले अमेरिकी राजदूत और दक्षिण एवं मध्य एशियाई मामलों के लिए विशेष दूत के रूप में पदोन्नत किया था।

# तिरुपति में उत्तराखंड की फैक्ट्री ने बेचा करोड़ों का नकली घी

## ब्लैकलिस्ट होने के बाद आरोपी करता रहा सप्लाई



**हरिद्वार/ एजेंसी।**

आंध्र प्रदेश के प्रसिद्ध तिरुमाला तिरुपति देवस्थानम को 250 करोड़ रुपए मूल्य का 68 लाख किलोग्राम घी सप्लाई कर चर्चा में आई उत्तराखंड के हरिद्वार जिले के भगवानपुर की भोले बाबा ऑर्गेनिक डेयरी मिल्क प्रा. लि. पर गंभीर आरोप लगे हैं। सीबीआई की विशेष जांच टीम (एसआईटी) की ओर से नेल्लोर कोर्ट में दाखिल रिपोर्ट के अनुसार इस डेयरी ने न तो कभी दूध खरीदा, न मक्खन फिर भी 2019 से 2024 के बीच लड्डू प्रसादम् में इस्तेमाल होने वाले घी की आपूर्ति करती रही।

**आरोपी को 3 दिन पहले दिल्ली से किया था गिरफ्तार:** अजय कुमार को तीन दिन पहले दिल्ली में हिरासत में लिया गया था। बाद में पूछताछ के लिए तिरुपति स्थित एसआईटी कार्यालय लाया गया। जांचकर्ताओं ने कथित तौर पर रसायनों की आपूर्ति से जुड़े वित्तीय रिकॉर्ड की जांच की गई। फिर उन्हें नेल्लोर एसीबी कोर्ट में पेश किया गया, जहां से उसे 21 नवंबर तक न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

### सीबीआई की रिपोर्ट में सनसनीखेज खुलासे

सीबीआई के नेतृत्व वाली एसआईटी ने यह खुलासा आरोपी अजय कुमार सुगंध की गिरफ्तारी के बाद किया। रिपोर्ट के अनुसार सुगंध ने पूछताछ में स्वीकार किया कि उसने भोले बाबा ऑर्गेनिक डेयरी को मोनोडिग्लिसराइड्स और एसिटिक एसिड एस्टर जैसे रासायनिक यौगिकों की आपूर्ति की थी। इन रसायनों का इस्तेमाल नकली घी तैयार करने में किया गया था। एसआईटी ने अदालत में रिमांड रिपोर्ट दाखिल करते हुए बताया कि डेयरी के प्रमोटर पोमिल जैन और विपिन जैन ने एक फर्जी देसी घी निर्माण इकाई स्थापित की थी और दूध खरीद व भुगतान के रिकॉर्ड में जालसाजी की। भोले बाबा डेयरी को 2022 में अयोग्य घोषित कर ब्लैकलिस्ट कर दिया गया था।

### ब्लैकलिस्ट के बाद भी भोले बाबा डेयरी ने की सप्लाई

**नई दिल्ली।** तिरुमला तिरुपति देवस्थानम (टीटीडी) में मिलावटी प्रसाद मामले में नया खुलासा हुआ है। मंदिर में घी सप्लाई करने वाली उत्तराखंड की डेयरी ने 2019 से 2024 के बीच ?250 करोड़ कीमत का 68 लाख किलो मिलावटी घी सप्लाई किया था। सीबीआई और आंध्र प्रदेश फूड सेफ्टी विभाग की जांच में इसका खुलासा हुआ है। जांच के मुताबिक कंपनी के डेयरी वाले सभी डॉक्यूमेंट्स फर्जी हैं। इस कंपनी ने कभी भी न दूध खरीदा और न कभी मक्खन खरीदा फिर भी ये घी-मक्खन सप्लाई करती रही। कंपनी के मालिक पम्मिल जैन और विपिन जैन ने घी प्रोडक्शन की फर्जी यूनिट बनाई थी। दूध-मक्खन खरीद के नकली बिल बनाए। मामले में एक और आरोपी अजय कुमार सुगंध ने भी पूछताछ में माना कि वह मोनोडिग्लिसराइड्स और एसेटिक एसिड एस्टर जैसे केमिकल सप्लाई करता था, जो मिलावटी घी बनाने में इस्तेमाल होते हैं। टीटीडी ने 2022 में शिकायतों के बाद भोले बाबा डेयरी को ब्लैकलिस्ट किया था। बाद में इसी ग्रुप ने दूसरी कंपनियों बनाईं और मंदिर में घी-मक्खन की सप्लाई जारी रही।

## डिजिटल अरेस्ट: तीन हजार करोड़ के नुकसान पर सुप्रीम कोर्ट हैरान

**नई दिल्ली/ एजेंसी।** उच्चतम न्यायालय ने तथाकथित 'डिजिटल गिरफ्तारी' से जुड़े साइबर धोखाधड़ी के बढ़ते मामलों पर सोमवार को गहरी चिंता व्यक्त की और कहा कि इस तरह के घोटालों के ज़रिए नागरिकों से लगभग 3,000 करोड़ रुपए की उगाही की गई है।

### कड़ी कार्रवाई का आदेश

जस्टिसद्वय सूर्यकांत व जॉयमाल्या बागची की पीठ ने टिप्पणी की कि कोर्ट में बताए गए आंकड़े 'चौंकाने वाले' हैं और न्यायपालिका इस मामले से 'सख्ती से' निपटेगी। पीठ ने इस खतरे पर अंकुश लगाने और भारत के भीतर और बाहर सक्रिय परिष्कृत घोटाला नेटवर्क से जनता की रक्षा के लिए एक मज़बूत तंत्र की तत्काल आवश्यकता पर ज़ोर दिया। अदालत सुप्रीम कोर्ट एडवोकेट्स-ऑन-रिकॉर्ड एसोसिएशन (एससीएओआरए) की ओर से दायर याचिका पर सुनवाई कर रही थी, जिसमें डिजिटल गिरफ्तारी घोटालों पर स्वतः संज्ञान कार्यवाही में हस्तक्षेप की माँग की गई थी।

## बंगाल कांग्रेस भी SIR के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट पहुंची

**कोलकाता/ एजेंसी।** बिहार के बाद 12 राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों में शुरू वोटर लिस्ट का रिवीजन एसआईआर को लेकर पश्चिम बंगाल में सियासत गरमा गई है।

अब कांग्रेस की बंगाल यूनिट ने सुप्रीम कोर्ट में एसआईआर के खिलाफ याचिका लगाई है। जस्टिस सूर्यकांत की बेंच में यह मामला उठाया गया जो बिहार एसआईआर मामले की सुनवाई कर रहे हैं। सुप्रीम कोर्ट 11 नवंबर को तमिलनाडु सरकार की एसआईआर प्रक्रिया के खिलाफ याचिका पर सुनवाई करेगा। इधर, सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) ने दावा किया है कि 27 अक्टूबर को एसआईआर शुरू होने के बाद से अब तक 15 लोगों की मौत हुई है, जिनमें 3 महिलाएं शामिल हैं।

## पाक की सीनेट ने विवादित 27वें संविधान संशोधन को मंजूरी दी

**इस्लामाबाद/ एजेंसी।**

पाकिस्तानी संसद के उच्च सदन सीनेट ने सोमवार को रक्षा बलों के प्रमुख का नया पद सृजित करने, फील्ड मार्शल को आजीवन पद पर बने रहने देने और एक संवैधानिक न्यायालय की स्थापना के लिए विवादास्पद 27वें संविधान संशोधन को मंजूरी दे दी।

संविधान संशोधन से संबंधित विधेयक को सीनेट में कानून मंत्री आजम नजीर तरार ने प्रस्तुत किया, जबकि सीनेट के अध्यक्ष यूसुफ रजा गिलानी ने कार्यवाही की अध्यक्षता की। सरकार और उसके गठबंधन सहयोगियों ने दो विपक्षी सदस्यों का समर्थन मिलने के दो तिहाई के जादुई आंकड़े को हासिल कर लिया। सदन में दो तिहाई बहुमत के लिए 64 सदस्यों के समर्थन की आवश्यकता होती है। प्रस्तावित संविधान संशोधन के मुताबिक प्रधानमंत्री की सलाह पर राष्ट्रपति सेना प्रमुख और रक्षा बल प्रमुख की नियुक्ति करेंगे।

## बीबीसी के चेयरमैन ने भी मांगी माफी

**वॉशिंगटन/ एजेंसी।**

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प से ब्रिटिश ब्रॉडकास्टिंग कॉरपोरेशन (बीबीसी) ने माफी मांगी है। बीबीसी के प्रमुख समीर शाह ने एक डॉक्यूमेंट्री में अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के भाषण को संपादित करने में हुई गलती के लिए माफी मांगी है।

बीबीसी के चेयरमैन समीर शाह ने कहा कि निगम पैनोरमा के लिए डोनाल्ड ट्रंप के भाषण के संपादन को लेकर हुई गलती के लिए माफ़ी मांगना चाहता है।

# विचार

## तकनीकी खामी की वजह से 800 से अधिक उड़ानों में हुआ विलंब, साइबर हमले की थी आशंका

*दिल्ली अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे से प्रतिदिन 1,500 से अधिक उड़ानों का संचालन होता है। यह तथ्य भी सामने आया है कि इस हवाई अड्डे पर दो दिनों से हवाई यातायात नियंत्रण प्रणाली में रुक-रुक कर तकनीकी समस्याएं आ रही थीं और शुक्रवार सुबह यह प्रणाली लगभग ठप पड़ गई।*



प्रोद्योगिकी के इस दौर में आज अधिकतर कार्य तकनीक के जरिए होने लगे हैं। घरों की साफ-सफाई से लेकर दफ्तर के कार्यों में मशीनों की मदद ली जा रही है। यानी हम तकनीक पर इतने ज्यादा निर्भर हो गए हैं कि उसमें जरा-सी खराबी आने पर सारी व्यवस्था ठप पड़ जाती है। इसमें दोराय नहीं कि तकनीक का इस्तेमाल आज के समय की जरूरत है, लेकिन सुरक्षात्मक और वैकल्पिक उपायों का होना भी बेहद जरूरी है, नहीं तो दिल्ली के इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर शुक्रवार को जो स्थिति उत्पन्न हुई, उस तरह का संकट पैदा होना स्वाभाविक है। गौरतलब है कि तकनीकी खामी के कारण यहां आठ सौ से अधिक घरेलू एवं अंतरराष्ट्रीय उड़ानों में विलंब हुआ और कुछ उड़ानें रद्द कर दी गईं, जिससे यात्रियों को खासी परेशानी हुई। प्रभावित उड़ानों में आगमन और प्रस्थान दोनों शामिल थीं। शुरू में इसे साइबर हमले से जोड़कर देखा जा रहा था, मगर बाद में सरकार और भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण ने स्पष्ट किया कि 'आटोमैटिक मैसेज स्विचिंग सिस्टम' (एएमएसएस) में तकनीकी गड़बड़ी की वजह से यह समस्या उत्पन्न हुई। सवाल है कि ऐसी स्थिति से निपटने के लिए हवाई अड्डे पर पहले से माकूल वैकल्पिक व्यवस्था क्यों नहीं की गई थी? दरअसल, एएमएसएस वह प्रणाली है, जिससे हवाई यातायात नियंत्रित होता है। इसमें किसी भी तरह की तकनीकी खराबी आने से उड़ानों की आवाजाही प्रभावित होना तय है। इससे न केवल विमान यात्रियों को परेशानी झेलनी पड़ती है, बल्कि हवा में उड़ रहे विमानों के लिए भी जोखिम की स्थिति पैदा हो सकती है। दिल्ली हवाई अड्डे पर इस तकनीकी खामी के कारण विमानों की उड़ान में पचास मिनट से एक घंटे तक की देरी हुई। इस कारण बोर्डिंग गेट के पास यात्रियों की लंबी कतारें लग गईं। हवाई अड्डे पर यात्रियों को उनकी उड़ान के पुनर्निधारित समय की सूचना देने की उचित व्यवस्था का अभाव भी साफ नजर आया। सवाल है कि ऐसी स्थिति में यात्री परेशान न हों या अफरा-तफरी का माहौल पैदा न हो, इसके लिए पर्याप्त इंतजाम करने की जरूरत क्यों महसूस नहीं की जाती है? संचालन का कार्य संभालने वाली कंपनी की क्या यह जिम्मेदारी नहीं है कि वह किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए एहतियाती व्यवस्थागत इंतजाम करने को प्राथमिकता दे। दिल्ली अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे से प्रतिदिन 1,500 से अधिक उड़ानों का संचालन होता है।

# आंकड़ों की सुरक्षा और चुनौती

उपभोक्ताओं के निजी डेटा लीक होने पर फेसबुक पर भारी जुर्माना लगने के बाद अब भारत को भी अपने नागरिकों के हित में डेटा सुरक्षा और डेटा स्थानीकरण पर नया कानून बनाने की जरूरत है। जिस तरह से फ्रांस ने अमेरिकी सरकार के भारी विरोध के बावजूद फेसबुक, एपल और अमेजन जैसी कंपनियों पर डिजिटल कर लगाए हैं उसी प्रकार भारत सरकार को भी भारतीय उपभोक्ताओं का डेटा इस्तेमाल करने वाली बहुराष्ट्रीय कंपनियों पर डिजिटल कर लगाने के बारे में विचार करना होगा। किसी भी देश के लिए उसके उपभोक्ताओं से संबंधित आंकड़ों (कंज्यूमर डेटा) का महत्त्व भी लगातार बढ़ता जा रहा है। ऐसे में कोई एक सौ सैंतीस करोड़ आबादी वाला भारत तेजी से बढ़ती आर्थिक अहमियत के कारण आंकड़ों की नई दुनिया में लाभप्रद स्थिति में है। इसलिए यह जरूरी है कि भारत में काम करने वाली बहुराष्ट्रीय कंपनियों के जरूरी आंकड़े और भारतीय उपभोक्ताओं से संबंधित संवेदनशील जानकारियां भारत में ही स्टोर की जाएं। हाल में तकनीकी क्षेत्र की एक प्रमुख कंपनी की ओर से जारी रिपोर्ट में कहा गया है कि जुलाई 2018 से अप्रैल 2019 के बीच भारतीय कंपनियों के डेटा चोरी होने से इन कंपनियों को बारह करोड़ से ज्यादा का नुकसान उठाना पड़ा है। रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि भारत से डेटा चोरी से कंपनियों को भारी नुकसान हो रहा है और इनका घाटा लगातार बढ़ता जा रहा है।

गौरतलब है कि पिछले महीने अमेरिका ने अपने नागरिकों के निजी डेटा लीक करने के मामले में फेसबुक पर करीब चौंतीस हजार करोड़ रुपए का जुर्माना लगाया था। इसके बाद पूरी दुनिया में डेटा सुरक्षा एवं डेटा स्थानीकरण के मुद्दे पर बहस छिड़ गई। दुनिया के कई विकासशील देशों में इन मुद्दों पर नए कानून बनाए जाने की तैयारी भी हो रही है। पिछले दिनों टिक टॉक के स्वामित्व वाली चीन स्थित कंपनी बाइट डांस ने भारत में एक डेटा केंद्र खोलने का फैसला किया है, जो देश में किसी विदेशी कंपनी का भारत में इस तरह का पहला कदम है। अब फेसबुक, गूगल, ट्विटर जैसी अमेरिकी सोशल



**दुनिया के अधिकांश देश डिजिटल कारोबार करने वाले उद्यमों पर डिजिटल टैक्स लगाने का समर्थन कर रहे हैं लेकिन अमेरिका सहित दुनिया के कुछ विकसित देशों की प्रमुख डिजिटल कंपनियां इस नए प्रस्ताव के खिलाफ हैं...**

मीडिया कंपनियों पर भारत में डेटा केंद्र स्थापित करने का दबाव बढ़ गया है। भारत सरकार द्वारा डेटा स्थानीकरण पर प्रस्तावित डेटा संरक्षण विधेयक के मद्देनजर वैश्विक कंपनियों द्वारा भारत में डेटा केंद्र बनाने की संभावनाएं बढ़ गई हैं। जून के आखिर में जापान के शहर ओसाका में जी-20 सम्मेलन के दौरान डेटा स्थानीकरण और डेटा सुरक्षा पर अपना रुख साफ करते हुए भारत ने कहा कि डेटा कच्चे तेल की तरह एक ऐसी संपत्ति है जिस पर विकासशील देशों के हितों का ध्यान रखा जाना जरूरी है। साथ ही डेटा पर विश्व व्यापार संगठन (डब्ल्यूटीओ) के नियमों के हिसाब से बातचीत की जानी चाहिए। जी-20 सम्मलेन के इतर भी भारत के प्रधानमंत्री ने अमेरिकी राष्ट्रपति के साथ वार्ता में भी डेटा स्थानीकरण के मुद्दे पर पीछे न हटने की बात कही थी। वस्तुत डेटा स्थानीकरण किसी देश के नागरिकों और उपभोक्ताओं से संबंधित डेटा को उसी देश की सीमाओं के भीतर संग्रहित करने की प्रक्रिया है। इससे उस देश की सरकार का डेटा पर बेहतर नियंत्रण रहता है और डेटा का दुरुपयोग भी रुकता है। पिछले दिनों भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआइ) ने दिशानिर्देश जारी करते हुए स्पष्ट किया था कि भारतीय उपभोक्ताओं के लेन-देन के डेटा का भारत में ही रखे जाएंगे। यदि भारत से संबंधित उपभोक्ताओं के भुगतान की प्रक्रिया विदेश में होती है तो वहां उससे संबंधित डेटा को एक कारोबारी दिन या चौबीस घंटे के भीतर भारत भेजा जाना जरूरी होगा, ताकि भारतीयों से संबंधित लेन-देन के डेटा को केवल भारत में ही रखा जा सके। वस्तुत नई वैश्विक आर्थिक व्यवस्था के तहत भविष्य में डिजिटल कारोबार तेजी से बढ़ेगा और जिस देश के पास जितना ज्यादा डेटा संरक्षण होगा, वह देश आर्थिक रूप से उतना मजबूत होगा। जापान के शहर फुकुओका में आयोजित जी-20 देशों के वित्त मंत्रियों और दुनिया के शीर्ष वित्तीय नीति निर्माताओं की शिखर बैठक में डिजिटल वैश्विक उद्योग-कारोबार पर डिजिटल कर लगाने को लेकर आम सहमति बनी।

इस सहमति के मद्देनजर डिजिटल वैश्विक व्यापार करने वाले उद्योग-कारोबार पर एक सामान्य कराधान व्यवस्था लागू की जा सकेगी, जो सभी देशों में समान रूप से स्वीकार्य हो सकेगी। दुनिया के अधिकांश देश डिजिटल कारोबार करने वाले उद्यमों पर डिजिटल टैक्स लगाने का समर्थन कर रहे हैं लेकिन अमेरिका सहित दुनिया के कुछ विकसित देशों की प्रमुख डिजिटल कंपनियां इस नए प्रस्ताव के खिलाफ हैं। स्थिति यह है कि विकासशील देशों में बड़े पैमाने पर डिजिटल कारोबार करने वाली बहुराष्ट्रीय कंपनियां कर बचाने के लिए अपने वास्तविक कारोबार का एक बड़ा हिस्सा कम कर लगाने वाले देशों में हस्तांतरित करती हैं। इससे उन देशों को राजस्व की भारी हानि होती है जहां वास्तविक कारोबार किया जाता है। इसलिए जी-20 देशों के वित्त मंत्रियों द्वारा पारित ताजा प्रस्ताव या तो ऐसे अर्जित लाभ पर एक साझा न्यूनतम टैक्स लागू कर सकता है या फिर यह ऐसी अंतरराष्ट्रीय सहमति बनाई जा सकती है जिससे ऐसे अर्जित लाभ पर उन देशों पर कर लगेगा जहां वास्तविक राजस्व प्राप्ति हुई है। जी-20 के तहत 2020 तक डिजिटल कर सुनिश्चित किए जाने का प्रस्ताव लागू हो जाने पर दुनिया में डिजिटल कारोबार के भविष्य की दिशा बदल जाएगी। वैश्विक डिजिटल कारोबार पर एक उपयुक्त कर लगाने से भारत और दक्षिण अफ्रीका जैसे कई विकासशील देशों को फायदा होगा।

इसमें कोई दो राय नहीं कि भारत में डेटा सुरक्षा और डेटा स्थानीकरण से जहां अर्थव्यवस्था को फायदा होगा, वहीं उपभोक्ताओं को भी इसका लाभ मिलेगा। रोजगार के मौके भी बढ़ेंगे। दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती हुई भारतीय अर्थव्यवस्था में बहुराष्ट्रीय कंपनियां तेजी से डिजिटल कारोबार बढ़ा रही हैं।

## बढ़ते साइबर अपराध

सरकार डिजिटल लेन-देने को बढ़ावा देने के लिए लगातार प्रयास कर रही है, लेकिन इसी बीच साइबर चोर भी काफी सक्रिय हो गए हैं। साइबर चोर लोगों को पैसे डबल करने का झांसा देकर, फोन कॉल करके डेबिट कार्ड, क्रेडिट कार्ड की जानकारी पूछ कर धोखाधड़ी करने की कोशिश करते हैं। लोगों को चाहिए कि वे किसी भी झांसें में आकर अपनी खून-पसीने की कमाई बर्बाद न करें। साइबर चोरों की धोखाधड़ी से बचने के लिए लोगों को खुद जागरूक होना पड़ेगा और दूसरों को भी जागरूक करना होगा। इसका सभी को खयाल रखना चाहिए कि अपने क्रेडिट, डेबिड कार्ड, इनके सीवीवी और ओटीपी किसी के साथ भी साझा न करें। देश में बढ़ते साइबर अपराधों या धोखाधड़ी मामलों से निपटने के लिए साइबर क्राइम सेल को चुस्ती दिखानी चाहिए। अगर किसी भी धोखाधड़ी की शिकायत साइबर क्राइम किसी भी



ब्रांच में कोई शिकायत करता है तो उस पर एकदम कार्रवाई करनी चाहिए, ताकि साइबर चोरों को संभलने का मौका न मिले। रिजर्व बैंक को भी चाहिए कि इसके लिए वह बैंकों को विशेष हिदायतें दे कि वे अपनी कार्यप्रणाली को ज्यादा से ज्यादा सुरक्षित बनाएं, खासतौर पर ऑनलाइन ट्रांजेक्शन के लिए। भारत में विमानन उद्योग ने उद्यमियों को वैसे ही आकर्षित किया है जैसे कीट-पतंग आग की तरफ आकर्षित होते हैं। लेकिन इस क्षेत्र में कुछ ही कंपनियां सफल हो पाई हैं। एक समय देश की सबसे बड़ी निजी विमानन कंपनी रही जेट एयरवेज की हालत बताती है कि देश का विमानन उद्योग किस संकट से गुजर रहा है। जबकि हाल के वर्षों में भारतीय नागरिक उड्डयन क्षेत्र ने दो अंकों में वृद्धि दर्ज की है और भारत को इस मामले में संभावनाओं वाले देश के रूप में देखा जाता रहा है। दरअसल, सस्ती विमान सेवाएं शुरू होने के बाद पिछले एक-डेढ़ दशक के दौरान विमान यात्रियों का एक नया वर्ग भी तैयार हुआ। इसके बावजूद विमानन कंपनियां आर्थिक रूप से कमजोर हो रही थीं, तो कहीं न कहीं यह नीयत और नियंत्रण दोनों का मामला है। देश में जिस तरह से सरकार और आमजन ने इस क्षेत्र में रुचि दिखाई, वह विमानन उद्योग के लिए आशाजनक स्थिति थी। विभिन्न आंकड़ों के अनुसार देश का विमानन उद्योग दिन प्रतिदिन उन्नति के मार्ग की ओर प्रशस्त हो रहा है। यदि ऐसे समय में विमानन कंपनियां बंद हो रही हैं, तो उस कंपनी के नीतियां और नियंता ही जिम्मेदार हैं। हैरानी की बात यह है कि 2012 में ऐसी ही हालत में किंगफिशर एयरलाइंस बंद हो गई थी, इसके बावजूद कोई सबक नहीं लिया गया। इस समस्या से निपटने में सरकार को अपनी विशेष भूमिका निभानी होगी और प्रत्यक्ष विदेशी निवेश की मात्रा को बढ़ाना होगा। साथ ही इस क्षेत्र में ऐसे उपाय करने की जरूरत है, जिनसे निवेशकों का विश्वास बना रहे।

# प्रादेशिक

## यूनिटी मार्च के जरिए देशभक्ति और एकता का संदेश

# सरदार पटेल ने अखंड भारत का सपना साकार किया: मेघवाल

**बाड़मेर जिला मुख्यालय पर राजकीय महाविद्यालय से विवेकानंद सर्किल तक यूनिटी मार्च का आयोजन**





टाइम्स ऑफ डेजर्ट
www.timesofdesert.com

**बाड़मेर।** सरदार वल्लभभाई पटेल की 150 वीं जयंती के उपलक्ष्य में सोमवार को बाड़मेर जिला मुख्यालय पर राजकीय महाविद्यालय से स्वामी विवेकानंद सर्किल तक सरदार पटेल यूनिटी मार्च का आयोजन किया गया। इसके जरिए आमजन को देशभक्ति एवं राष्ट्रीय एकता के संदेश के साथ सरदार पटेल के आदर्शों को आत्मसात करने का संदेश दिया गया। इस अवसर पर चौहटन विधायक आदूराम मेघवाल ने कहा कि सरदार पटेल ने 562 रियासतों को एक सूत्र में पिरोकर अखंड भारत का सपना साकार किया । आज का यह यूनिटी मार्च भी युवाओं को उसी एकता की भावना से जोड़ने का प्रयास है। उन्होंने युवाओं से आह्वान किया कि वे लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की तरह दृढ़ संकल्प, मजबूत चरित्र और राष्ट्र सबसे पहले की भावना को अपनाने के साथ विकसित तथा आत्मनिर्भर भारत के निर्माण में सक्रिय



भूमिका निभाएं। समाजसेवी दीपक कड़वासरा ने सबका आभार जताते हुए लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल के आदर्शों को जन-जन तक पहुंचाने की जरूरत जताई। इस दौरान चौहटन विधायक आदूराम मेघवाल, पुलिस अधीक्षक नरेन्द्रसिंह मीना एवं समाजसेवी दीपक कड़वासरा ने यूनिटी मार्च को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। यूनिटी मार्च में जिला एवं पुलिस प्रशासन, जन प्रतिनिधिगण, विभागीय अधिकारी ,सैकड़ों छात्र-छात्राएं, एनएसएस स्वयंसेवक, एनसीसी कैडेट्स, माई भारत के स्वंयसेवक, युवा संगठनों के प्रतिनिधि एवं महाविद्यालय स्टाफ तथा स्थानीय नागरिक शामिल हुए । इस दौरान अतिरिक्त जिला कलक्टर राजेन्द्र सिंह चांदावत, यूआईटी सचिव श्रवण सिंह राजावत, उपखंड अधिकारी यशार्थ शेखर, प्राचार्य प्रो.उम्मेद सिंह, पदयात्रा जिला संयोजक दिनेश विश्नोई, समाजसेवी रमेश सिंह इंदा, पदयात्रा सह संयोजक महेंद्र सिंह राजपुरोहित, बालाराम गोदारा, चनणाराम बैरङ, राजूदास भील, मुस्कान मेघवाल, अनिता चौहान, जितेन्द्र बोहरा अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। नोडल अधिकारी प्रोफेसर आदर्श किशोर ने बताया कि कार्यक्रम के दौरान आत्मनिर्भर भारत संकल्प और नशा मुक्ति की शपथ दिलाई गई।

यूनिटी मार्च का समापन विवेकानंद सर्किल पर हुआ। इस दौरान राष्ट्रीय एकता की शपथ लेते हुए लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल के आदर्शों को जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प लिया। इस दौरान सेल्फी प्वाइंट स्थापित किया गया। वहीं सांस्कृतिक प्रस्तुतियो के जरिए राष्ट्रीय एकता का संदेश दिया गया। यूनिटी मार्च में सहायक नोडल अधिकारी सीओ स्काउट योगेन्द्र सिंह राठौड़, कैलाश चौधरी समेत विभिन्न गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। कार्यक्रम में यूथ आइकन बनीस पूरी, समता, हनुमान सुथार, जुंजाराम को सम्मानित किया गया।

## सड़क सुरक्षा अभियान के तहत 164 चालान के साथ 9.21 लाख जुर्माना लगाया

टाइम्स ऑफ डेजर्ट
www.timesofdesert.com

**बाड़मेर।** सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम एवं सड़क सुरक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने के लिए चलाए जा रहे सड़क सुरक्षा अभियान के तहत विभिन्न गतिविधियो का आयोजन करने के साथ नियम विरुद्ध संचालित वाहनों के खिलाफ प्रभावी कार्यवाही की जा रही है। जिला परिवहन अधिकारी अक्षय विश्नोई ने बताया कि प्रवर्तन उड़न दस्तो की ओर से 9 नवंबर तक 164 चालान बनाने के साथ 9.21 लाख रूपए जुर्माना लगाया गया। इसमें 13 ऑवरलोड वाहनों के खिलाफ चालान बनाकर 2.04 लाख रूपए जुर्माना राशि लगाई गई। उन्होंने बताया कि सड़क सुरक्षा अभियान के दौरान 8 नवंबर को उप पुलिस अधीक्षक कार्यालय यातायात बाडमेर में आयोजित कार्यक्रम के दौरान 36 व्यक्तियो ने प्रशिक्षण प्राप्त किया। इसी तरह रविवार को निजी बस आपरेटर्स की चौहटन चौराहा पर आयोजित कार्यशाला में 57 व्यक्तियों ने प्रशिक्षण प्राप्त किया। जिला परिवहन अधिकारी ने बताया कि सड़क सुरक्षा अभियान के दौरान 4 से 9 नवंबर तक नियम विरुद्व वाहन संचालन करने वाले 311 चालको के लाईसेंस निलंबन के नोटिस जारी किए गए। इसके अलावा परिवहन विभाग के उड़न दस्तों की ओर से 40 वाहनों पर रिफ्लेक्टर टैप लगाए गए।

## गौरव सेनानियों एवं वीरांगनाओं के लिए समस्या समाधान शिविर अकदड़ा में आज

**13 को कल्याणपुर एवं 18 नवंबर को महाबार में शिविर लगेंगे**

टाइम्स ऑफ डेजर्ट
www.timesofdesert.com

**बाड़मेर।** गौरव सैनिकों एवं उनके आश्रितों की समस्याओं के समाधान के लिए बालोतरा जिले में मंगलवार को ग्राम पंचायत अकदड़ा एवं 13 को पंचायत समिति कल्याणपुर तथा बाड़मेर जिले में 18 नवंबर को ग्राम पंचायत महाबार, 20 को ग्राम पंचायत धोरीमन्ना तथा 25 नवंबर को विरात्रा, चौहटन में प्रातः 11 बजे से शिविर का आयोजन किया जाएगा। जिला सैनिक कल्याण अधिकारी कर्नल विक्रम सिंह राठौड़ ने बताया कि इन शिविरों में भूतपूर्व सैनिकों एवं उनके आश्रितों की पेंशन समस्या समाधान, राज्य एवं केन्द्र सरकार की ओर से जारी नए आदेशों की जानकारी देने, पूर्व सैनिकों के बच्चों के भाग दो आदेश, रिलेशन प्रमाण पत्र, परिचय पत्र बनाने, पीपीओ में पत्नी का नामाकंन, पूर्व सैनिकों के बच्चों को छात्रवृत्ति योजना संबंधित कार्य संपादित किए जाएंगे । उन्होंने बताया कि शिविर के दौरान गौरव सैनानियों एवं उनके आश्रितों को अपनी डिस्चार्ज बुक, बैंक पासबुक, पीपीओं, आधार कार्ड की फोटो प्रति एवं दो माह की बैंक से पेंशन पे स्लीप साथ लाना आवश्यक है।

जिला परिषद की साधारण सभा बैठक आयोजित

## बैठक में कई मुद्दों पर हुआ विचार-विमर्श, विकास योजनाओं की समीक्षा कर विभागीय अधिकारियों को दिए आवश्यक दिशा-निर्देश

टाइम्स ऑफ डेजर्ट
www.timesofdesert.com



**बालोतरा।** जिला परिषद की साधारण सभा की बैठक सोमवार को पंचायत समिति बालोतरा के सभागार में जिला प्रमुख महेन्द्र चौधरी की अध्यक्षता में आयोजित हुई। बैठक में ग्रामीण विकास एवं पंचायतीराज विभाग की योजनाओं की प्रगति की समीक्षा करने के साथ बिजली, सड़क, पानी, चिकित्सा से जुड़े मुद्दों पर विचार-विमर्श करते हुए संबंधित विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया गया। इस दौरान सांसद उम्मेदाराम बेनिवाल, सिवाना विधायक हमीर सिंह भायल, चौहटन विधायक आदूराम मेघवाल, जिला कलक्टर सुशील कुमार यादव, पुलिस अधीक्षक रमेश, मुख्य कार्यकारी अधिकारी रवि कुमार, उप वन संरक्षक सविता दहिया, अतिरिक्त मुख्य कार्यकारी अधिकारी हीराराम कलबी समेत विभिन्न जन प्रतिनिधिगण एवं विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे। जिला परिषद की साधारण सभा की बैठक में जिला प्रमुख महेन्द्र चौधरी ने कहा कि संबंधित विभागीय अधिकारी सदन में रखे जाने वाले आमजन से जुड़े मुद्दों एवं संवेदनशीलता के साथ निस्तारित करें। उन्होंने कहा कि बैठक में दिए जाने वाले निर्देशों एवं सुझावों को प्रभावी रूप से धरातल पर लागू किया जाए। उन्होने जिला स्तरीय अधिकारियों की जिला परिषद की बैठक में उपस्थिति सुनिश्चित करवाने के निर्देश दिए। सांसद उम्मेदाराम बेनिवाल ने कहा कि जन प्रतिनिधियों की ओर से उठाई जाने वाली समस्याओं का यथाशीघ्र समाधान करवाया जाए। उन्होंने ग्रामीण इलाकों में सड़क निर्माण के साथ जन हित से जुड़े विभिन्न मुददों पर अपनी बात रखी।

उन्होने कहा बैठक में हर बार एक ही प्रकार की शिकायते आना गंभीरता का विषय है। सिवाना विधायक हमीर सिंह भायल ने कहा कि विभागीय अधिकारी जन समस्याओं का संवेदनशीलता के साथ समाधान करें। उन्होंने कहा कि विभागीय अधिकारी बैठकों में अपनी उपस्थिति सुनिश्चित करवाने के साथ सदन में उठाए जाने वाले मुद्दों पर की गई कार्यवाही से भी अवगत करवाएं। चौहटन विधायक आदूराम मेघवाल ने कहा कि प्रत्येक जनप्रतिनिधि का दायितव है कि वे राज्य सरकार के प्रत्येक विकास कार्य की प्रभावी मॉनिटरिंग करें। जिला कलक्टर सुशील कुमार यादव ने कहा कि सदन में जन प्रतिनिधियों की ओर से उठाई जाने वाली समस्याओं को गंभीरता से लेते हुए इसका प्राथमिकता से समाधान करवाएं। जनप्रतिनिधि जन समस्या से जुड़े मुदों को प्रमुखता से उठाये। उन्होंने जिला परिषद सदस्यों की ओर से आदान अनुदान राशि के भुगतान पर बताया कि पिछले वर्ष 140 करोड़ की राशि का भुगतान किया जा चुका है। जो प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के अतिरिक्त है। बैमोसम बरसात से हुए खराबे से 250 गांवो की 71 करोड़ की राशि का प्रस्ताव राज्य सरकार को भेजा जा चुका है। जो 15 दिसंबर तक काश्तकारों के खातों में अंतरित होना प्रस्तावित है। उन्होने कहा कि कल्याणपुर क्षेत्र में डोली, अराबा में प्रदूषित पानी की निकासी को राज्य सरकार एव जिला प्रसाशन स्तर पर कार्यवाही की जा रही है। सदन में सामजिक सुरक्षा योजना में अंतरित राशि के गबन के अंदेशा की जांच का आश्वासन दिया।

उन्होने पिछले कुछ समय में जिले में सडक दुघर्टनाओं पर सभी जनप्रतिनिधियों से अपील करते हुए कहा कि वे अपने क्षेत्र विशेष में सड़क सुरक्षा को लेकर आमजन को जागरूक करें, आमजन की सुरक्षा हमारी प्रथम प्राथमिकता होनी चाहिये। इससे पूर्व बैठक की शुरूआत में अतिरिक्त मुख्य कार्यकारी अधिकारी हीराराम कलबी ने विगत बैठक की कार्यवाही का पठन करते हुए संबंधित विभागों की ओर से की गई कार्यवाही से अवगत कराया। इस दौरान जिला परिषद सदस्यों ने विभागीय अधिकारियों से अपने क्षेत्र की समस्या से अवगत करवाते हुए समस्या समाधान करवाते हुए सदन की कार्यवाही को आगे बढ़ाया।

हाईवे पर बनी हवाई पट्टी पर कल गरजे फाइटर-प्लेन

## ऑपरेशन सिंदूर के बाद पहला युद्धाभ्यास ऑपरेशन त्रिशुल, सभी तैयारी पूरी



टाइम्स ऑफ डेजर्ट
www.timesofdesert.com

**बाड़मेर।** ऑपरेशन सिंदूर के बाद राजस्थान में सबसे बड़ा युद्धाभ्यास ऑपरेशन त्रिशुल चल रहा है। मंगलवार को बाड़मेर-जालोर सीमा पर गांधव-बांकासर एयर स्ट्रीप फाइटर प्लेन उतरेंगे। एयर स्ट्रीप पर इमरजेंसी लैंडिंग करेंगे। इसको लेकर एयरफोर्स ने पूरी तैयारी कर दी है। वहीं हाईवे को सुबह दोनों तरफ से बंद किया जाएगा। युद्धाभ्यास करीब सुबह 9 बजे शुरू होगी। करीब डेढ़ घंटे तक बॉर्डर के पास फाइटर प्लेन गर्जना पड़ोसी मुल्क तक सुनाई देगी। दरअसल, इस एयर स्ट्रीप पर पहली बार अगस्त 2021 में फाइटर प्लेन का ट्रायल हुआ था। उस में टच एंड गो ऑपरेशन हुआ था। उस समय केंद्रीय मंत्री राजनाथ सिंह और सड़क परिवहन मंत्री नितिन गडकरी आए थे। यह एयर स्ट्रीप पर जगुआर, सुखोई-30, मिग, एएम-32 , हरक्युलिस, एसयू-30 एमकेआई समेत कई फाइटर प्लेन का ट्रायल हो चुका है। एयर स्ट्रिप पर आधा दर्जन फाइटर प्लेन का ट्रायल हो चुका

भारत-माला प्रोजेक्ट के तहत बॉर्डर के अगड़ावा में एनएच- 925ए पर हवाई पट्टी बनी है। आम दिनों पर इस पर हाइवे का ट्रेफिक दौड़ेगा, लेकिन युद्ध जैसे हालात बने तो इसे मिनी हवाई अड्डे के रूप में इस्तेमाल करेंगे। वायुसेना इसको कवर करेगी और यहां से फाइटर प्लेन उड़ान भरेंगे। भारत की यह पहली हवाई पट्टी है, जबकि जर्मनी, स्वीडन, दक्षिण कोरिया, ताइवान, फिनलैड, स्विजरलैंड, सिंगापुर समेत कई देशों में पहले से ही इमरजेंसी हवाई पट्टी है।

छोटी बड़ी खबरें...

## बाड़मेर में घी, तेल के लिए सैंपल



### 43 किलो अवधिपार खाद्य पदार्थों को मौके पर किया नष्ट

**बाड़मेर।** बाड़मेर में शुद्ध आहार मिलावट पर वार अभियान लगातार जारी है। फूड इंस्पेक्टर ने अलग-अलग दो दुकानों से घी और रिफाइंड मूंगफली तेल, शुगर बॉयल्ड कनफेक्शनरी के सैंपल लिए। वहीं, अवधि पार खाद्य पदार्थों को जब्त कर नष्ट करवाएं। सीएमएचओ डॉ. विष्णुराम विश्नोई ने हिदायत दी है कि खाद्य कारोबारी किसी भी प्रकार की अवधि पार सामग्री दुकान पर नहीं रखे अन्य उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

दरअसल, सरकार खाद्य पदार्थो के मिलावट के खिलाफ लगातार शुद्ध आहार मिलावट पर वार अभियान चला रही है। इसको लेकर बाड़मेर हेल्थ विभाग एक्टिव नजर आ रहा है। आयुक्त खाद्य सुरक्षा एवं औषधिक कंट्रोल टी शुभ मंगला एवं जिला कलेक्टर टीना डाबी के निर्देश पर टीम कार्रवाई कर रही है।

रविवार को फूड इंस्पेक्टर राजेश कुमार जांगिड़ की टीम मैसर्स संजय कुमार लूणिया की दुकान पर पहुंची। वहां पर घी ब्रांड क्षीर व रिफाइंड मूंगफली का तेल ब्रांड नेचुरल और मैसर्स एसआर एंड संस हैडलूम से खाद्य पदार्थ शुगर बॉयल्ड कनफेक्शनरी के सैंपल लिए। सभी सैंपलों को जांच के लिए जोधपुर लेबोरेट्री भिजवाएं गए। इसके रिपोर्ट के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### अवधि पार खाद्य पदार्थो को करवाया नष्ट

फूड इंस्पेक्टर की जांच पड़ताल में अलग-अलग खाद्य पदार्थ अवधिपार पाए गए। इसके बाद 43 किलो खाद्य पदार्थो को जब्त किया। अधिकारी ने बाजार में विक्रम नहीं हो पाए इस लिए उसे मौके पर ही नष्ट नष्ट करवाए गए।

इंस्पेक्टर राजेश कुमार जांगिड़ ने बताया- खाद्य पदार्थों के लिए गए नमूनों को जांच के लिए पब्लिक हेल्थ लैबोरेंट्री जोधपुर भेजा गया। लैब की जांच रिपोर्ट आने के बाद ही अग्रिम कार्रवाई की जाएगी। दल में खाद्य सुरक्षा अधिकारी के साथ प्रवीण संखलेचा व राजेन्द्र सिंह इंदा उपस्थित रहे।

## मतदाता सूची शुद्धिकरण में ग्राम पंचायत स्तर पर नियंत्रण कक्ष स्थापित

टाइम्स ऑफ डेजर्ट
www.timesofdesert.com



**बालोतरा।** जिला निर्वाचन अधिकारी सुशील कुमार यादव के नेतृत्व में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए जमीनी स्तर पर प्रयास तेज कर दिए गए हैं। निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण पदाधिकारी अशोक कुमार के आदेशानुसार, पचपदरा विधानसभा क्षेत्र के कल्याणपुर में ग्राम पंचायत स्तरीय नियंत्रण कक्ष की स्थापना की गई है। पंचायत प्रारंभिक शिक्षा अधिकारी किशनसिंह गोयल ने बताया कि राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय, रोडवा कला में ग्राम पंचायत स्तरीय हेल्प डेस्क की स्थापना की गई है। जिसमें ग्राम विकास अधिकारी, पटवारी, एएनएम, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता को नियंत्रण कक्ष समिति का सदस्य बनाया गया। उन्होने बताया कि यह कमेटी पंचायत स्तर पर आ रही विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम संबंधित सभी समस्याओं का त्वरित समाधान करेगी और बीएलओ के कार्यों में सहयोग सुनिश्चित करेगी। निर्वाचन साक्षरता क्लब प्रभारी नारायणसिंह मेघावास ने नवाचार करते हुए कक्षा 9 से 12 के सभी छात्रों को कक्षा में विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम से संबंधित मार्गदर्शन दिया। छात्रों को विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम में बीएलओ का सहयोग करने और पुनरीक्षण कार्यक्रम के प्रचार-प्रसार के लिए प्रेरित किया। यह पहल सुनिश्चित करेगी कि मतदाता सूची शुद्धिकरण का संदेश युवा पीढ़ी के माध्यम से हर घर तक पहुँचे।

## बाड़मेर में हेल्थ ऑफिसर सीएमएचओ-ऑफिस के आगे धरने पर बैठे

बोले- 19 महीने से नहीं मिला इंसेंटिव, समय पर नहीं मिलती सैलेरी

टाइम्स ऑफ डेजर्ट
www.timesofdesert.com



**बाड़मेर।** बाड़मेर में जिलेभर के सीएचओ (कम्युनिटी हेल्थ ऑफिसर) 19 महीने से बकाया इंसेंटिव समेत अन्य मांगों को लेकर सोमवार को सीएमएचओ ऑफिस परिसर में धरने पर बैठ गए। वहां पर जमकर नारेबाजी की। प्रदर्शन कर रहे सीएचओ का कहना है कि जब तक हमारी मांगे नहीं मानी जाएगी, तब हमारा प्रदर्शन जारी रहेगा। इन मांगों को लेकर कई बार सीएमएचओ समेत प्रशासनिक अधिकारी को अवगत करवाया, लेकिन आश्वासन के अलावा हमें कुछ नहीं मिला है। दरअसल, जिले में 102 सीएचओ लगे हुए है। लेकिन उन सभी को बीते 19 माह से उनको काम के बदले मिलने वाले इंसेंटिव नहीं मिल रहा है। इसको लेकर इन्होंने पहले भी बाड़मेर सीएमएचओ समेत प्रशासनिक अधिकारियों को चिट्ठी लिखी थी। लेकिन हर बार बजट अभाव के चलते टालते जा रहे है।

### जमकर की नारेबाजी

सोमवार को जिलेभर के सीएचओ मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी ऑफिस पहुंचे। वहां परिसर में ही धरने पर बैठे गए। प्रशासन व सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। सीएचओ संघ के प्रदेश उपाध्यक्ष अशोक कुमार ने कहा- हर महीने 15 हजार रुपए इंसेंटिव और मोबाइल खर्च मिलना चाहि,ए लेकिन 19 महीने से एक पैसा नहीं आया। तनख्वाह भी समय पर नहीं मिल रही है। कई बार सीएमएचओ को लिखित शिकायत और वार्ता भी की। हर बार जल्द भुगतान का आश्वासन मिला। लेकिन अभी तक कुछ भी नही हुआ। सीएचओ हेमलता ने कहा- बिना पैसे के घर कैसे चलाएं? दवाइयां, यात्रा, मोबाइल डेटा सब अपनी जेब से खर्च कर रहे हैं। चौंकाने वाली बात ये कि राजस्थान के सभी जिलों में अक्टूबर तक का भुगतान हो चुका है, सिर्फ बाड़मेर पिछड़ा हुआ है। सीएचओ ने चेतावनी दी समय रहते मांगें नहीं मानी गई तो सीएमएचओ ऑफिस के सामने अनिश्चितकालीन धरना शुरू करेंगे।

## भारतीय वायुसेना में करियर का सुनहरा अवसर विद्यालयों में अग्निवीर वायु भर्ती की दी गई जानकारी

टाइम्स ऑफ डेजर्ट
www.timesofdesert.com



**बालोतरा।** भारतीय वायुसेना में युवाओं को करियर बनाने का सुनहरा अवसर प्रदान करने के उद्देश्य से सोमवार को जिला मुख्यालय के विभिन्न स्कूलों और महात्मा गांधी राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय के छात्र-छात्राओं को वायुसेना भर्ती प्रक्रिया के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। यह जागरूकता कार्यक्रम नं. 5 वायुसैनिक चयन केंद्र, वायु सेना जोधपुर से आए अधिकारी आर. एस. पंवार और सार्जेंट जी टी रेडी द्वारा आयोजित किया गया। वायुसेना अधिकारी आर. एस. पंवार ने बताया कि अग्निवीर वायु भर्ती के लिए साढ़े 17 वर्ष से 21 वर्ष आयु वाले अविवाहित पुरुष एवं महिला उम्मीदवार भर्ती के लिए पात्र होंगे। जिन्होने 12वीं कक्षा या समकक्ष विज्ञान संकाय में गणित, भौतिकी और अंग्रेजी विषयों अथवा कला तथा वाणिज्य संकाय में किसी भी विषय के साथ उत्तीर्ण की हो। दोनों ही स्थितियों में कुल 50 प्रतिशत अंक के साथ और अंग्रेजी विषय में 50 प्रतिशत अंक होना अनिवार्य है। वैकल्पिक योग्यता में 03 वर्षीय इंजीनियरिंग डिप्लोमा धारक या 02 वर्षीय वोकेशनल कोर्स पास उम्मीदवार भी आवेदन के पात्र हैं। इच्छुक उम्मीदवार भर्ती से संबंधित विस्तृत जानकारी और आवेदन प्रक्रिया के लिए भारतीय वायुसेना की आधिकारिक वेबसाइट https://agnipathvayu.cdac.in पर लॉग इन कर सकते हैं। उन्होने छात्र-छात्राओं को भविष्य में राष्ट्र सेवा के लिए भारतीय वायुसेना में शामिल होने और देश की प्रगति में योगदान देने के लिए प्रेरित किया गया।

बाड़मेर एसपी ने युवाओं को दिलाई नशा मुक्ति की शपथ

## विवेकानंद सर्किल तक निकाला यूनिटी मार्च, चौहटन विधायक ने दिखाई हरी झंडी

टाइम्स ऑफ डेजर्ट
www.timesofdesert.com



**बाड़मेर।** बाड़मेर में सोमवार को यूनिटी मार्च निकाला गया। सरदार वल्लभ भाई पटेल की 150 जयंती के अवसर पर कॉलेज कैंपस से मार्च निकाला, जिसको चौहटन विधायक आदूराम मेघवाल, प्रशासनिक अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। युवा हाथों में तिरंगा लिए भारत माता के जयकारे लगाते साथ में शामिल हुए। इससे पहले एसपी नरेंद्र सिंह मीना ने कैंपस में नशा मुक्ति की शपथ युवाओं को दिलाई। इस दौरान एडीएम राजेंद्र सिंह चांदावत समेत जिले के प्रशासनिक अधिकार उपस्थित रहे। दरअसल, देश के लौह पुरूष सरदार वल्लभ भाई पटेल की 150 वीं जयंती पर बाड़मेर समेत प्रदेश में अलग-अलग प्रोग्राम का आयोजन किया जा रहा है। सोमवार दोपहर के समय पीजी कॉलेज में यूनिट मार्च पदयात्रा निकाली गई। पीजी कॉलेज से स्वामी विवेकानंद सर्किल तक सरदार 150 यूनिटी मार्च का आयोजन किया गया। इसके जरिए आमजन को देशभक्ति एवं राष्ट्रीय एकता के संदेश के साथ सरदार पटेल के आदर्शों को आत्मसात करने का संदेश दिया गया।

### अखंड भारत का सपना साकार

चौहटन विधायक आदूराम मेघवाल ने कहा- सरदार पटेल ने 562 रियासतों को एक सूत्र में पिरोकर अखंड भारत का सपना साकार किया। आज का यह यूनिटी मार्च भी युवाओं को उसी एकता की भावना से जोड़ने का प्रयास है। युवाओं से आह्वान किया कि वे लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल की तरह दृढ़ संकल्प, मजबूत चरित्र और राष्ट्र सबसे पहले की भावना को अपनाने के साथ विकसित तथा आत्मनिर्भर भारत के निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाएं। भाजपा नेता दीपक कड़वासरा ने कहा- लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल के आदर्शों को जन-जन तक पहुंचाने की जरूरत जताई। नोडल अधिकारी प्रोफेसर आदर्श किशोर ने बताया कि कार्यक्रम के दौरान आत्मनिर्भर भारत संकल्प और नशा मुक्ति की शपथ दिलाई गई।

### यूनिटी मार्च पीजी कॉलेज से विवेकानंद सर्किल तक

यूनिटी मार्च में जिला एवं पुलिस प्रशासन, जन प्रतिनिधिगण, विभागीय अधिकारी ,सैकड़ों गर्ल्स-बॉयज स्टूडेंट, एनएसएस स्वयंसेवक, एनसीसी कैडेट्स,माई भारत के स्वंयसेवक, युवा संगठनों के प्रतिनिधि एवं महाविद्यालय स्टाफ तथा स्थानीय नागरिक शामिल हुए। इस दौरान एडीएम राजेंद्र सिंह चांदावत, यूआईटी सचिव श्रवण सिंह राजावत, एसडीएम यशार्थ शेखर, प्राचार्य प्रो.उम्मेदसिंह, पदयात्रा जिला संयोजक दिनेश विश्नोई, समाजसेवी रमेशसिंह इंदा, पदयात्रा सह संयोजक महेंद्र सिंह राजपुरोहित, बालाराम गोदारा, चनणाराम बैरङ, राजूदास भील, मुस्कान मेघवाल, अनिता चौहान, जीतेन्द्र बोहरा अतिथि के रूप में उपस्थित रहे।

## गर्लफ्रेंड की सूचना पर शातिर तस्कर सर्विस सेंटर से गिरफ्तार: कई राज्यों में था वांटेड

टाइम्स ऑफ डेजर्ट
www.timesofdesert.com

**बाड़मेर।** बाड़मेर में एएनटीएफ ने मादक पदार्थ तस्करी के 50 हजार रुपए के इनामी आरोपी उसकी ही गर्लफ्रेंड की सूचना पर गिरफ्तार किया। आरोपी कौशलाराम गैंग का सक्रिय सदस्य था। आईजी विकास कुमार ने बताया कि आरोपी हेमरत्न उर्फ हेमाराम उर्फ हेमला पुत्र कमलेश निवासी सउओं की ढाणी, भोजासर बायतु जिला बालोतरा का रहने वाला है। आरोपी पर 8-10 मामले दर्ज हैं, जिनमें से कई में वह वांटेड है। आरोपी की गर्लफ्रेंड उससे पैसों को लेकर नाराज थी। विवाद बढ़ने पर उसने एएनटीएफ को सूचना दी कि वह आरोपी को बुलवाकर पकड़वा सकती है। पुलिस ने उसके इनपुट पर जाल बिछाया।

हेमरत्तन अपने साथियों के साथ जैसलमेर धोरों में पार्टी के लिए जा रहा था। तभी गर्लफ्रेंड ने कॉल कर उसे वापस बुलाया। वह गाड़ी की सर्विस कराने पहुंचा, जहां पहले से मौजूद एएनटीएफ टीम ने उसे गिरफ्तार कर लिया।

## सक्षिप्त समाचार

### तेज रफ्तार स्कॉर्पियो नदी में गिरी, मौके पर भीड़ जुटी



#### क्रेन की मदद से निकाला बाहर, ड्राइवर और सवारियां सुरक्षित

**भीलवाड़ा।** भीलवाड़ा में सोमवार को एक बेकाबू स्कॉर्पियो खारी नदी में गिर गई। मौके पर लोगों की भीड़ इकट्ठा हो गई और पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने क्रेन को बुलाया, जिसकी मदद से गाड़ी को बाहर निकाला गया। गनीमत रही कि हादसे में गाड़ी में सवार लोगों को चोट नहीं आई। गुलाबपुरा थाना पुलिस के अनुसार- हादसा सोमवार की दोपहर करीब 3 बजे हुआ। तेज रफ्तार स्कॉर्पियो के ड्राइवर ने अचानक बैलेंस खो दिया। इसके बाद रपट से बेकाबू स्कॉर्पियो खारी नदी में गिर गई। यूपी नंबर स्कॉर्पियो थाना क्षेत्र में खारी नदी की रपट क्रॉस कर रही थी, इसी दौरान हादसा हुआ। मौके पर बड़ी संख्या में लोगों की भीड़ इकट्ठा हो गई। हादसे के बाद स्कॉर्पियो सवार लोग गाड़ी से बाहर निकल गए और क्रेन की मदद से स्कॉर्पियो को नदी से बाहर निकाला गया। अभी तक किसी ने भी पुलिस में मामला दर्ज नहीं करवाया है। प्रारंभिक तौर पर गाड़ी में 2 से 3 लोगों के होने की संभावना जताई गई है, जिसमें सभी सुरक्षित है।

### जयपुर में तेज रफ्तार रोडवेज बस ने छात्रा को कुचला

#### सिर के ऊपर से टायर निकला; कॉलेज से लौट रही थी घर

**जयपुर।** जयपुर में रोडवेज की बस ने छात्रा को कुचल दिया। छात्रा के सिर के ऊपर से बस का टायर निकल गया। जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने लहूलुहान हालत में छात्रा को एसएमएस हॉस्पिटल भिजवाया, जहां डॉक्टरों ने छात्रा को मृत घोषित कर दिया। बेटी का शव देखकर परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। छात्रा रेपिडो टैक्सी (एक्टिवा) पर बैठकर कॉलेज से घर जा रही थी। बस ने पीछे से स्कूटी को टक्कर मार दी। छात्रा उछलकर रोड पर गिर गई और बस उसे कुचलते हुए निकल गई। हादसा सोमवार दोपहर 3 बजे सेंट्रल पार्क गेट नंबर-4 के सामने हुआ। एक्सीडेंट थाना (साउथ) पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए स्र्स हॉस्पिटल की मॉर्च्युरी में रखवाया है। एसीपी (एक्सीडेंट साउथ) अमीर हसन ने बताया- आदर्श नगर के अशोक चौक निवासी मनोज चावरिया मालवीय नगर निगम जोन कार्यालय में सहायक प्रशासनिक अधिकारी हैं। मनोज की बेटी तनवी चावरिया (23) कनोडिया कॉलेज में एमए फाइनल ईयर की स्टूडेंट थी।

### युवक ने पंखे से फंदा लगाकर रील बनाई, गिरफ्तार

#### फॉलोअर्स बढ़ाने के लिए सोशल मीडिया पर किया अपलोड, ज्जर ने पुलिस का दी सूचना

**झुंझुनूं।** झुंझुनूं में सुसाइड के प्रयास की रील बनाने वाले युवक को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। युवक ने फॉलोअर्स बढ़ाने के लिए पंखे से फंदा लगाकर एक वीडियो बनाया। वीडियो को सोशल मीडिया पर अपलोड कर दिया। इसके बाद एटीएस ने झुंझुनूं पुलिस को सूचना दी। मामला बगड़ थाना इलाके का है। थानाधिकारी सुभाषचंद्र ने बताया- सुसाइड के प्रयास का वीडियो बनाकर सनसनी फैलाने का मामला दर्ज कर सोमवार सुबह युवक को गिरफ्तार किया है। थानाधिकारी ने बताया- सुबह करीब 11 बजे जयपुर एटीएस से सूचना मिली कि अमन सैनी (19) पुत्र सुरेश सैनी निवासी वार्ड नम्बर 4 निवासी इस्लामपुर ने इंस्टाग्राम पर फंदा लगाकर सुसाइड करने के प्रयास का वीडियो बनाकर अपलोड किया है। इंस्टाग्राम पर डाली गई रील में युवक पंखे से फंदा लगाकर सुसाइड करने का प्रयास कर रहा है। इसके बाद पुलिस ने पूरी जानकारी जुटाने के लिए टीम गठित की।

---

### जयपुर समेत 3 जिलों में नहीं बने जन्म-मृत्यु सर्टिफिकेट

# रजिस्ट्रेशन करवाने आए लोग वापस लौटे; एक नगर निगम बनने से आई परेशानी

टाइम्स ऑफ डेजर्ट
www.timesofdesert.com

**जयपुर।** जयपुर, जोधपुर और कोटा में जन्म-मृत्यु प्रमाण-पत्र समेत कई काम आज प्रभावित हुए। रजिस्ट्रेशन करवाने आए लोगों को वापस लौटना पड़ा। तीनों ही जिलों में गहलोत सरकार के समय बने दो-दो नगर निगम के एक होने से परेशानी का सामना करना पड़ा। दरअसल, जयपुर के साथ जोधपुर और कोटा में 6 निगमों के बोर्ड का कार्यकाल रविवार को खत्म हो गया। सोमवार से यहां संभागीय आयुक्त ने प्रशासक के तौर पर काम संभाला। तीनों ही जगह एक निगम बनने के बाद पहले दिन लोगों



को भारी परेशानी हुई। सॉफ्टवेयर अपडेट नहीं होने और स्टेशनरी नए नगर निगम के अनुरूप नहीं होने के कारण लोगों को वापस लौटा दिया। इधर, जयपुर नगर निगम में अधिकारी भी सोचते रहे कि कौन कहां का काम संभालेगा। नगर निगम में प्रशासनिक स्ट्रक्चर का जो प्रारूप तैयार करके सरकार को भिजवाया था, उस पर अब तक मुहर नहीं लगी। एक निगम में कौन कमिश्नर होगा। इसको लेकर असमंजस की स्थिति रही। नगर निगम ग्रेटर और हेरिटेज में पहले अलग-अलग कमिश्नर लगते थे, लेकिन नगर निगम जयपुर में कमिश्नर की एक पोस्ट के लिए प्रस्ताव भिजवाया है।

नहीं बने प्रमाण-पत्र, साइट नहीं चली जयपुर में हेरिटेज और ग्रेटर निगम को मर्ज करके नगर निगम जयपुर बनाया गया है। ग्रेटर और हेरिटेज की वेबसाइट को बंद कर दिया है। अब उसकी जगह एक वेबसाइट बनाने का काम शुरू कर दिया है। वहीं, नगर निगम के इंटरनल सॉफ्टवेयर में भी बदलाव किया जा रहा है। इसके कारण आज नगर निगम में काम-काज ठप रहा। आमजन के जरूरी काम जैसे विवाह पंजीयन, जन्म-मृत्यु रजिस्ट्रेशन सर्टिफिकेट का काम बंद रहा। स्टेशनरी और इंटरनल सॉफ्टवेयर अपडेट नहीं होने के कारण लोगों के काम नहीं हो सके।

वहीं, कोटा कलेक्टर पीयूष सामरिया ने कोटा नगर निगम के प्रशासक के रूप में कार्यभार संभाला है। उनके पास अभी संभागीय आयुक्त का भी चार्ज है। उन्होंने कहा- एडमिनिस्ट्रेटिव प्रपोजल लोकल बॉडी के जरिए डीएलबी को भेजा है।

#### हमारी कोशिश रहेगी बेहतर सफाई व्यवस्था रहे

जयपुर नगर निगम के प्रशासक के तौर पर कार्यभार संभालने के बाद जयपुर संभागीय आयुक्त पूनम ने बताया- जयपुर नगर निगम हमेशा से एक चैलेंज है। ये बहुत बड़ा शहर है। एक बड़ी टूरिज्म सिटी भी है। ऐसे में हमारी कोशिश रहेगी कि इसका संचालन बेहतर तरीके से हो। आमजन, नगर निगम की टीम और जनप्रतिनिधियों की अपेक्षा, सहयोग से हम यहां बेहतर सफाई व्यवस्था रखेंगे।

उन्होंने कहा- आज आमजन अपनी समस्याएं बताने के लिए कई तरह के प्लेटफार्म उपयोग करता है। इसमें सोशल मीडिया जैसे फेसबुक, वॉट्सऐप, एक्स है। इसके अलावा नगर निगम के कई वॉट्सऐप ग्रुप है, जिस पर आमजन अपनी समस्याएं इनके जरिए हमारे तक पहुंचा सके। हम इसे प्रमोट करेंगे और हमारे पास जैसे ही कोई समस्या आती है, तो प्राथमिकता के साथ उसका समाधान करवाया जाएगा।

---

# इंडो-पाक बॉर्डर पर भारतीय सेना का अखंड प्रहार ऑपरेशन सिंदूर के बाद सबसे बड़ा युद्धाभ्यास होगा

टाइम्स ऑफ डेजर्ट
www.timesofdesert.com

**जैसलमेर।** ऑपरेशन सिंदूर के बाद इंडियन आर्मी का सबसे बड़ा युद्धाभ्यास होने जा रहा है। इसमें तीनों सेनाएं एक साथ दुश्मन के ठिकानों पर हमला करेगी। आर्मी, नेवी और एयरफोर्स की यूनिट आतंकी ठिकानों त्वरित कार्रवाई को अंजाम देने का प्रदर्शन करेगी। 31 अक्टूबर से से जारी अभ्यास त्रिशूल अब अपने अंतिम चरण में पहुंच चुका है। इसके आखिरी 2 दिन मरू ज्वाला और अखंड प्रहार का अभ्यास किया जाएगा। इसके साथ 13वें दिन इसका समापन होगा। इस युद्धाभ्यास का निरीक्षण दक्षिणी कमान के उच्च अधिकारी करेंगे। बता दें कि ऑपरेशन सिंदूर के बाद राजस्थान के जैसलमेर में ये सबसे बड़ा युद्धाभ्यास होगा।

#### रियल टाइम अटैक को परखेंगे

11 नवंबर को होने वाले इस अभ्यास में सेना रेगिस्तान के कठिन इलाके में आतंकवादियों के ठिकानों और दुश्मन की अग्रिम चौकियों पर संयुक्त रूप से हमला करने की क्षमता का प्रदर्शन करेगी। थल सेना के मैकेनाइज्ड और आर्मर्ड कोर (टैंक रेजिमेंट) इसमें हिस्सा लेंगे। वहीं लड़ाकू हेलीकॉप्टरों और हवाई निगरानी प्लेटफॉर्म बनाया जाएगा, ताकि यहां से एयरफोर्स भी इस युद्धाभ्यास में हिस्सा ले सके। वहीं नेवी के कमांडो भी इस युद्धाभ्यास में शामिल होंगे।

इस युद्धाभ्यास को रात और दिन के समय में किया जाएगा। ताकि रियल टाइम हमलों और बैक अटैक को परखा जा सके। इस अभ्यास का उद्देश्य यह साबित करना है कि भारतीय सेना रेगिस्तान में किसी भी परिस्थिति में तेजी से दुश्मन के खिलाफ एक्शन लेने में सक्षम है। साथ ही, कम से कम समय में दुश्मन को तीनों मोर्चों से हारने की एकजुटता का प्रदर्शन किया जाएगा।

#### दुश्मन के इलाके में घुसकर ठिकाने उड़ाएगी



#### दुश्मन के इलाके में घुसकर प्रभुत्व कायम करना

11 नवंबर को होने वाला अखंड प्रहार ऑपरेशन त्रिशूल का ग्रैंड फिनाले होगा। इस मिशन का उद्देश्य दुश्मन के इलाके में घुसकर ऑल-आउट ऑफेंसिव (पूर्ण पलटवार) करना रहेगा। तीनों सेनाओं का एकसाथ हमला कर सटीक ठिकाने उड़ाना और इलाके में दुश्मन का प्रभुत्व खत्म करना होगा। आर्टिलरी, टैंक, एयर सपोर्ट और स्पेशल फोर्सेज एक साथ काम करेंगी। इस दौरान लाइव फायरिंग, रियल-टाइम वॉर सिचुएशन और रेगिस्तान में मल्टी-डायरेक्शन अटैक दृश्य देखने को मिलेंगे।

#### तीनों सेनाओं का जॉइंट एक्सरसाइज

अभ्यास त्रिशूल में 28 हजार फीट की ऊंचाई तक वायुसेना के लड़ाकू विमान और हेलिकॉप्टर मिशन चला रहे हैं। जमीन पर थलसेना के टी-90 टैंक, तोपखाने और रॉकेट सिस्टम ने मोर्चा संभाला है, जबकि नौसेना ने समुद्री इलाकों और तटीय सीमाओं की सुरक्षा को मजबूत किया है।

रेतीले टीलों और कच्छ के क्रीक इलाकों में तीनों सेनाओं के विशेष बल- आर्मी के पैरा कमांडो, एयरफोर्स के गरुड़ और नेवी के मार्कोस कमांडो- मिलकर एक साथ आक्रमण और बचाव की रणनीतियों का अभ्यास कर रहे हैं। यह पहली बार है जब तीनों के कमांडो बल एकीकृत रूप में इतने बड़े पैमाने पर अभ्यास कर रहे हैं।


अभ्यास के दौरान तीनों सेनाओं के वरिष्ठ अधिकारियों ने एक संयुक्त ऑपरेशन रूम में बैठकर वास्तविक समय के डेटा (आईएसआर फीड) के आधार पर निर्णय लिया और सैनिकों को कमांड दी।

---

### कृषि मंत्री किरोड़ी बोले- कुछ किसान यूरिया ब्लैक करते हैं: दो बैग की जरूरत है, लेकिन 10 ले जाएगा, आठ को ब्लैक करेगा

टाइम्स ऑफ डेजर्ट
www.timesofdesert.com

**जयपुर।** कृषि मंत्री डॉ किरोड़ीलाल मीणा ने यूरिया, डीएपी की किल्लत के लिए किसानों को जिम्मेदार ठहराया है। कुछ किसानों पर यूरिया ब्लैक मार्केट में बेचने का आरोप लगाया है।



यूरिया डीएपी किल्लत पर किरोड़ी ने कहा- दो तरह की समस्या है। एक तो कुछ ऐसे किसान हैं, जिसको 2 बैग की जरूरत है, लेकिन 10 लेगा। आठ को ब्लैक करेगा। मेरी प्रतापगढ़ कलेक्टर से बात हुई। उनका यही कहना है कि है की कोई मारामारी नहीं है, लेकिन कई किसान ऐसे हैं, जो फालतू बैग ले जाते हैं। आगे अपने हिसाब से बेच देते हैं। इसको हम नियंत्रित कर रहे हैं। किरोड़ी सचिवालय में मीडिया से बातचीत कर रहे थे।

डॉ किरोड़ी ने कहा- हमें केंद्र से यूरिया डीएपी मिल रहा है, लेकिन जितनी आवश्यकता है उतना डिमांड के अनुसार अभी नहीं मिल रहा, लेकिन पिछली सरकारों में जितना मिला करता था। उससे ज्यादा मिल रहा है। हम रेगुलर इसे देख रहे हैं। जहां कमी है, उन जिलों में हम अधिकता वाले जिलों से डायवर्ट कर देते हैं। डॉ किरोड़ी ने कहा- दो तरह की समस्या है, एक तो कुछ ऐसे किसान हैं, जिसको दो बैग की जरूरत है, लेगा 10 और आठ को करेगा ब्लैक। दूसरी समस्या यह है कि सीमावर्ती जिले हैं, वहां से भी बाहर यूरिया जाता हे। उनमें मेवात, हनुमानगढ़, गंगानगर, फलोदी, जोधपुर, सिरोही, जालोर, पाली, प्रतापगढ़, चित्तौड़गढ़ बॉर्डर हो। यहां से पड़ोसी राज्यों में यूरिया जाता है।

---

## धर्मेंद्र का 89 साल की उम्र में निधन: सांस लेने में तकलीफ थी

#### कल से वेंटिलेटर पर थे, देर रात पिता से मिलने पहुंचे थे बॉबी देओल

टाइम्स ऑफ डेजर्ट
www.timesofdesert.com

**दिल्ली।** दिग्गज अभिनेता धर्मेंद्र का निधन हो गया है। 89 साल के एक्टर को सोमवार को सांस लेने में तकलीफ होने के चलते ब्रीच कैंडी अस्पताल में भर्ती




कराया गया था, जहां हालत स्थिर न होने पर उन्हें वेंटिलेटर पर रखा गया था। उनके लिए 72 घंटे क्रिटिकल थे। देओल परिवार के करीबी सूत्र के अनुसार, धर्मेंद्र की बेटियों को पहले ही विदेश से मुंबई बुलाया गया है। बीती रात सनी देओल अस्पताल के बाहर बेहद भावुक नजर आए, वहीं बॉबी देओल भी अल्फा की शूटिंग छोड़कर मुंबई लौट आए और पिता से मिलने पहुंचे थे। शाहरुख, सलमान समेत कई बॉलीवुड सेलेब्स सोमवार देर रात ब्रीच कैंडी हॉस्पिटल पहुंचे।

#### 31 अक्टूबर को भी हुए थे अस्पताल में भर्ती

10 नवंबर से पहले धर्मेंद्र को 31 अक्टूबर को भी अस्पताल में भर्ती करवाया गया था। रिपोर्टर विक्की ललवानी ने पोस्ट कर बताया था कि सांस लेने में तकलीफ होने के चलते धर्मेंद्र को ब्रीच कैंडी हॉस्पिटल में भर्ती करवाया गया था। उन्हें आईसीयू में रखा गया था। उनके सारे शरीर के पैरामीटर ठीक होने पर उन्हें कुछ ही घंटों में डिस्चार्ज कर दिया गया था। बता दें कि इसी साल की शुरुआत में धर्मेंद्र की कॉर्निया ट्रांसप्लांट सर्जरी हुई थी। उनकी बाईं आंख की पारदर्शी परत यानी कि कॉर्निया डैमेज हो गई थी।

---

### उपमुख्यमंत्री दीया कुमारी ने विद्यालय को दिए 20 लाख



#### विद्याधर नगर राजकीय कन्या विद्यालय में होगा निर्माण कार्य

**जयपुर।** उपमुख्यमंत्री दीया कुमारी ने विद्याधर नगर के राजकीय कन्या विद्यालय के लिए 20 लाख रुपए के निर्माण कार्यों की घोषणा की है। यह घोषणा भाजपा नेता मनीष कुमावत और रजत जैन डागा के प्रयासों से राजकीय कोष से की गई। विद्यालय में सुदृढ़ीकरण और विकास कार्यों के लिए यह राशि आवंटित की गई है। भाजपा नेता मनीष कुमावत ने बताया कि बच्चों और विधायक प्रशासन की मांग को देखते हुए उपमुख्यमंत्री ने यह निर्णय लिया। इस घोषणा के बाद एक सम्मान और धन्यवाद कार्यक्रम आयोजित किया गया। युवा नेता रजत जैन डागा ने अपने संबोधन में विद्यालय के कार्यक्रमों में सहभागिता और विकास कार्यों पर जोर देने की बात कही।

---

### राजस्थान में 15 मौतों पर एनएसएआई और केंद्र को नोटिस

## सुप्रीम कोर्ट ने कहा- अवैध ढाबों पर खड़ी गाड़ियां बन रही हादसों का कारण

टाइम्स ऑफ डेजर्ट
www.timesofdesert.com

**जयपुर।** सुप्रीम कोर्ट ने फलोदी के मतोड़ा में हुए भीषण सड़क हादसे को लेकर राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (NHAI), सड़क परिवहन मंत्रालय और गृह मंत्रालय को नोटिस जारी किया है। SC ने कहा- अवैध ढाबों पर खड़े वाहन दुर्घटनाओं का कारण बन रहे हैं। जस्टिस जेके माहेश्वरी और जस्टिस विजय बिश्नोई की बेंच ने राज्य सरकार से प्रदेश से निकलने वाले नेशनल हाईवे के किनारों पर ढाबों की संख्या और उनकी स्थिति के बारे में पूछा है। साथ ही सड़क की स्थिति के संबंध में भी रिपोर्ट मांगी है। SC ने मामले में वरिष्ठ एडवोकेट आत्माराम नाडकर्णी को न्यायमित्र नियुक्त करते हुए उन्हें मुख्य सचिव को भी पक्षकार बनाने के निर्देश दिए हैं। राज्य सरकार से भी स्टेटस रिपोर्ट तलब की है। बता दें कि सुप्रीम कोर्ट ने शनिवार को फलोदी हादसे को लेकर स्वतः संज्ञान लिया था।



#### 2 घटनाओं में 40 लोगों की जान चली गई

सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को सुनवाई के दौरान टिप्पणी करते हुए कहा- यह बेहद दुखद है कि हाल की दो घटनाओं में 40 लोगों की जान चली गई। कोर्ट ने राजस्थान के साथ ही तेलंगाना में हुए ऐसे ही एक सड़क हादसे का भी संज्ञान लिया और आंध्र प्रदेश के मुख्य सचिव को भी पक्षकार बनाने का निर्देश दिया। ताकि राष्ट्रीय राजमार्ग सुरक्षा और सड़क किनारे ढांचों के नियमन के लिए एक समन्वित नीति और दृष्टिकोण अपनाया जा सके।

सुनवाई के दौरान राजस्थान सरकार की ओर से अतिरिक्त महाधिवक्ता शिव मंगल शर्मा ने अदालत को आश्वस्त किया कि राज्य सरकार पूर्ण सहयोग करेगी और इस महत्वपूर्ण मुद्दे पर न्यायालय की हर प्रकार से सहायता करेगी।

#### सड़क किनारे खड़े ट्रक से हुआ था हादसा

दरअसल, 2 नवंबर को फलोदी में जोधपुर के श्रद्धालुओं से भरे एक टैंपो ट्रेवलर की भिड़ंत सड़क किनारे खड़े ट्रक से हो गई थी, जिसमें 10 महिलाओं, 4 बच्चों समेत 15 लोगों की मौत हो गई थी। ट्रेवलर सवार महिलाएं और बच्चे बीकानेर से लौट रहे थे। अगले ही दिन, 3 नवंबर को तेलंगाना के बीजापुर हाईवे पर एक अन्य भीषण हादसे में 20 लोगों की मौत हुई थी।

---

### 1.90 लाख के डमी नोट लेकर भागा इंस्पेक्टर

## झूठे केस में फंसाने की धमकी देकर मांगे थे 3 लाख रुपए; 20 हजार की रिश्वत लेते दलाल गिरफ्तार

टाइम्स ऑफ डेजर्ट
www.timesofdesert.com

**कोटा।** कोटा एसीबी ने झालावाड़ के भवानीमंडी में केंद्रीय नारकोटिक्स ब्यूरो इंस्पेक्टर के दलाल अकरम हुसैन को 20 हजार रुपए के साथ रंगे हाथों गिरफ्तार किया। परिवादी ने शिकायत दर्ज कराई थी कि इंस्पेक्टर हितेश और उसके साथियों ने उसके पिता को झूठे केस में फंसाने की धमकी देकर 3 लाख रुपए की रिश्वत मांगी थी। शिकायत के सत्यापन में रिश्वत की मांग की पुष्टि होने के बाद एसीबी ने जाल बिछाया। एसीबी की




कार्रवाई शुरू होते ही सीबीएन इंस्पेक्टर हितेश कुमार रिश्वत की रकम लेकर मौके से फरार हो गया। इसमें 1.90 लाख रुपए के डमी नोट थे। भागते समय उसके नोटों की गड्डी और मोबाइल फोन भी गिर गया। एसीबी की टीम फरार इंस्पेक्टर की तलाश में जुटी है।

#### झूठे केस में फंसाने की धमकी दी

भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) स्पेशल यूनिट कोटा के एडिशनल एसपी मुकुल शर्मा ने बताया कि परिवादी ने कोटा ऑफिस में आकर शिकायत दर्ज कराई थी। परिवादी ने शिकायत में बताया कि केंद्रीय नारकोटिक्स ब्यूरो (सीबीएन) भवानी मंडी के इंस्पेक्टर हितेश कुमार और उनके साथियों ने 7 नवंबर को उसके पिता को घर से पकड़ा था। आरोपियों ने परिवादी के पिता को झूठे मुकदमे में फंसाने की धमकी देकर 3 लाख रुपए की रिश्वत मांगी थी।

#### रकम लेकर परिवादी को भवानीमंडी ऑफिस में बुलाया

एडिशनल एसपी शर्मा ने बताया- शिकायत के बाद आरोपियों और परिवादी के बीच मोबाइल पर हुई बातचीत में रिश्वत मांगने की पुष्टि हुई। आरोपी परिवादी के पिता को छोड़ने के बदले में 3 लाख रुपए की रिश्वत की मांग कर रहे थे। अलग-अलग नंबरों से कॉल करके परिवादी पर रिश्वत देने का दबाव बना रहे थे। आरोपियों ने रिश्वत की रकम लेकर परिवादी को भवानीमंडी ऑफिस में बुलाया था। रविवार रात साढ़े 9 बजे परिवादी रिश्वत की रकम देने के लिए भवानी मंडी ऑफिस पहुंचा। एसीबी टीम ने परिवादी को 30 हजार असली और 2.70 लाख डमी नोटों के साथ भेजा था। परिवादी ने रिश्वत की रकम वहां मौजूद आरोपियों को दी, जिसके बाद इशारा मिलते ही एसीबी ने दलाल अकरम हुसैन को 20 हजार की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार कर लिया। हालांकि, सीबीएन इंस्पेक्टर रितेश कुमार बाकी की रकम लेकर मौके से भागने में सफल रहा।


मालिक, मुद्रक, प्रकाशक एवं सम्पादक राजेन्द्र प्रसाद लहुआ द्वारा जी.एन. ऑफसेट अंसल प्लाजा के पीछे, स्टेडियम शॉपिंग सेन्टर, जोधपुर से मुद्रित करवाकर कस्टम क्वाटर के पीछे, अम्बेडकर कॉलोनी बाड़मेर- 344001 राजस्थान से प्रकाशित RNI T.C. RAJHIN27868 मोबाइल नंबर - +91 9680130415, email-timesofdesert@gmail.com